RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

# नागौर डेली न्यूज

Email. nagaurdaily0@gmail.com

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्षः 1 | अंक 351 | नागौर, 13 दिसम्बर, 2022 (मंगलवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition


### भारत जोड़ा यात्रा : नारी शक्ति को समर्पित यात्रा का 96वां दिन

## राहुल गांधी के साथ चली महिलाएं

### प्रियंका गांधी और उनकी बेटी भी यात्रा में हुई शामिल

कोटा।



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में बूंदी जिल से पार्टी की 'भारत जोड़ो यात्रा' सोमवार को एक बार फिर शुरू हुई। गांधी के साथ पदयात्रा में उनकी बहन एवं पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, उनके पति रॉबर्ट वाड्रा और सैकड़ों महिलाओं ने शिरकत की। पार्टी कार्यकर्ताओं और आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं सहित बड़ी संख्या में महिलाएं राहुल और प्रियंका गांधी व अन्य यात्रियों के साथ कोटा-लालसोट मेगा राजमार्ग पर पहुंचीं। वे बाबाई से सवाई माधोपुर जिले के पीपलवाड़ा तक मार्च करेंगे और फिर वहां विश्राम किया।

यात्रा तमिलनाडु के कन्याकुमारी से सात सितंबर को शुरू हुई थी। तभी से पदयात्रा कर रहे राहुल राव ने कहा, " आज 96वें दिन की 'भारत जोड़ा यात्रा' नारी शक्ति के साथ सुबह बाबाई गांव में तेजाजी महाराज मंदिर में पूजा-अर्चना करने, राष्ट्रगान गाने और राष्ट्र ध्वज फहराने के बाद शुरू हुई। " उन्होंने बताया कि इस दौरान सड़कों पर बड़ी संख्या में महिलाएं यात्रियों का अभिवादन करने के लिए एकत्रित हुईं और मार्च का हिस्सा भी बनी। राजस्थान में आज यानी सोमवार को यात्रा का सातवां दिन है। बूंदी जिले में इसका आखिरी दिन है। तेजाजी मंदिर से करीब छह किलोमीटर का सफर तय करने के बाद यात्रा सुबह करीब सवा सात बजे टोंक जिले में प्रवेश करेगी। इसके बाद पीपलवाड़ा से होकर सवाई माधोपुर में प्रवेश करने से पहले टोंक में करीब पांच किलोमीटर का सफर तय करेगी।

कांग्रेस के इंदरगढ़ (बूंदी) ब्लॉक अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि आज सुबह जब यात्रा फिर से शुरू हुई तो पांच हजार से अधिक महिलाओं ने राहुल और प्रियंका गांधी के साथ यात्रा में शिरकत की और यात्रा के आगे बढ़ने के साथ भी बड़ी संख्या में कई महिलाएं इसमें शामिल हुईं। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी ने पदयात्रियों के साथ बातचीत की। राज्य में 'भारत जोड़ो यात्रा' के सह-समन्वयक कपिल यादव ने बताया कि 96वें दिन की यात्रा महिला सशक्तिकरण को समर्पित है और इसीलिए इसे सोमवार को 'नारी शक्ति पद यात्रा' कहा जा रहा है। राजस्थान एकमात्र कांग्रेस शासित राज्य है जहां अभी तक यात्रा पहुंची है।

यात्रा 21 दिसंबर को हरियाणा में प्रवेश करने से पहले यहां 17 दिन में करीब 500 किलोमीटर का सफर तय करेगी। यात्रा सात सितंबर को तमिलनाडु में कन्याकुमारी से शुरू हुई और अब तक तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक तथा तेलंगाना सहित पांच दक्षिणी राज्यों और महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश से होकर गुजर चुकी है। फरवरी की शुरुआत में जम्मू-कश्मीर में यह यात्रा सम्पन्न होगी। यात्रा के तहत 150 दिन में 3,570 किलोमीटर का सफर तय करने का लक्ष्य है।



## राहुल बोले- अग्निवीरों को सेना से जूता मारकर निकाल देंगे

### नुक्कड़ सभा में एंबुलेंस को रास्ता; कांग्रेस का गहलोत-पायलट में सुलह का दावा

बूंदी/खंडार.

राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा के आठवें दिन राहुल गांधी ने केंद्र की अग्निवीर योजना पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों को सेना से चार साल बाद जूता मारकर निकाल देंगे। सवाई माधोपुर के कुस्तला में आयोजित नुक्कड़ सभा में राहुल ने कहा कि भाजपा पूछती है कि भारत जोड़ने निकले हैं, टूटा क्या है, करोड़ों युवाओं के सपने टूटे हैं। उन्होंने कहा कि देश के लिए मर मिटने वाले जवान को चार साल सेना में रखेंगे, काम कराएंगे और फिर निकाल देंगे। चार साल बाद फौज से निकाले युवा को कैसे रोजगार मिलेगा। सभा के दौरान भीड़ से राहुल ने वहां से निकल रही एंबुलेंस को रास्ता देने के लिए भी कहा। सभा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सचिन पायलट सहित कई मंत्री और विधायक भी मौजूद थे। आज की यात्रा भी कुस्तला में ही खत्म हुई। आज के दिन यात्रा ने करीब 23 किलोमीटर का सफर किया।

राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा के बीच कांग्रेस ने स्वीकारा है कि अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच मतभेद हैं। हालांकि, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि दोनों में कोई लड़ाई नहीं है। सवाई माधोपुर में रमेश ने कहा कि दोनों के बीच सुलह साल 2023 के चुनावों तक जारी रहेगी। वहीं, राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा में आज महिलाओं का दिन था। आज यात्रा में राहुल के साथ प्रियंका गांधी की फैमिली के साथ चलीं।

## अरुणाचल के तवांग में फिर भिड़े भारतीय और चीनी सैनिक

### 9 को हुई झड़प में दोनों पक्षों के जवान हुए घायल



नई दिल्ली।

भारतीय सेना और चीनी सैनिकों के बीच एक बार फिर एलएसी के पास झड़प हो गई है। दोनों देशों की सेनाओं के बीच यह झड़प अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में हुई है। समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि झड़प नौ दिसंबर को हुई थी। इस दौरान भारतीय सैनिकों ने चीनी सैनिकों का दृढ़ता से मुकाबला किया। दोनों देशों की सेनाओं के बीच हुई इस झड़प में दोनों पक्षों के कई सैनिक घायल हो गए।

#### झड़प के बाद दोनों हुए वापस

सूत्रों के मुताबिक, झड़प के बाद दोनों पक्ष इलाके से तुरंत हट गए। इस घटना के बाद भारतीय कामांडर ने क्षेत्र में अमन और शांति बहाल करने के लिए अपने चीनी समकक्ष के साथ एक फ्लैग मीटिंग भी की। सूत्रों ने एएनआई को बताया कि अरुणाचल प्रदेश में तवांग सेक्टर में एलएसी के पास कुछ इलाकों पर दोनों पर पक्ष अपने दावे के मुताबिक सीमा तक गश्त करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि दोनों देशों के बीच का यह चलन साल 2006 से चल रहा है।

#### करीब छह सैनिक हुए घायल

समाचार एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि तवांग सेक्टर में हुई भारत-चीन की सेनाओं की झड़प में करीब छह सैनिक घायल हो गए, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए गुवाहाटी लाया गया।

#### इससे पहले गलवान में हुई थी झड़प

मालूम हो कि 15 जून 2020 को गलवन घाटी में हुई झड़प के बाद दोनों देशों की सेनाओं के बीच यह पहली झड़प है। उस दौरान इस झड़प में 20 भारतीय जवान शहीद हो गए थे और कई घायल हो गए थे। इस मामले पर भारत ने कहा था कि पूर्वी लद्दाख के गलावान घाटी में हुई खुनी संघर्ष में चीन के भारी संख्या में सैनिकों की मौत हो गई थी। हालांकि चीन की तरफ से सिर्फ चार सैनिकों की मौत की पुष्टी की गई।

## गुजरात में फिर एक बार भूपेंद्र राज....

### नई टीम, नया ताज, शपथ ग्रहण समारोह में बीजेपी का पावर शो



नई दिल्ली।

गुजरात भाजपा विधायक दल द्वारा सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को अपना नेता चुने जाने के बाद आज दूसरी बार मुख्यमंत्री गुजरात के गांधीनगर में शपथ ले ली। भूपेंद्र पटेल को राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित भाजपा के प्रमुख नेता शामिल हुए। गांधीनगर में गुजरात के मनोनीत मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के शपथ ग्रहण समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित भाजपा के कई नेता पहुंचे। बीजेपी ने गुजरात विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड तोड़ जीत दर्ज की, राज्य की 182 विधानसभा सीटों में से 156 सीटों पर जीत दर्ज की जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है।

#### पीएम मोदी ने सीएम भूपेंद्र पटेल को दी बधाई

शपथ ग्रहण समारोह के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने एक संदेश में लिखा, भूपेंद्रभाई पटेल को गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई। मैं उन सभी को भी बधाई देना चाहता हूं जिन्होंने मंत्रियों के रूप में शपथ ली। यह एक ऊर्जावान टीम है जो गुजरात को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

#### 16 मंत्रियों ने ली शपथ

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी नेता विजय रूपाणी ने कहा कि नए मंत्रिमंडल को राज्य के अलग-अलग हिस्सों से प्रतिनिधियों को साथ रखते हुए संतुलित किया गया है। सरकार इस मंत्रिमंडल के आधार पर विकास करेगी। अभी मंत्रिमंडल का पार्ट वन है बाद में इसका विस्तार होगा। भूपेंद्र कैबिनेट में 16 मंत्रियों ने शपथ ली है।



#### नई कैबिनेट में हार्दिक पटेल?

गांधीनगर से नवनिर्वाचित विधायक हार्दिक पटेल ने गुजरात की नई कैबिनेट में शामिल होने का बात पूछे जाने पर कहा कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व जो भी तय करेगा वो गुजरात के भले के लिए होगा। मैं कम उम्र का विधायक हूं। विधायक की भूमिका मुझे निभानी है। पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी उसे भी निभाएंगे। अभी किसी को नहीं पता कि मंत्रिमंडल में किसका नाम है किसका नहीं।

## पहाड़ों पर बर्फबारी, दिल्ली में कड़ाके की सर्दी का इंतजार

### कश्मीर-हिमाचल में पारा शून्य से नीचे; राजस्थान का चुरू 5 डिग्री के साथ सबसे ठंडा

नई दिल्ली।



देश में सर्दी दस्तक दे चुकी है। कश्मीर और हिमाचल समेत ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के बाद पारा शून्य से नीचे पहुंच गया है। इसके कारण मैदानी इलाकों में भी तापमान गिरा है। हालांकि दिल्ली में अभी कड़ाके की सर्दी का इंतजार है। वहीं, मुंबई में हल्की बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया है। बाकी मैदानी इलाकों की बात करें, तो राजस्थान के चुरू में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री तक पहुंच गया है। वहीं, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में भी पारा गिरा है। चक्रवात मैंडूस के बाद दक्षिण के राज्यों में भी मौसम बदला है। कर्नाटक, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में कई जगह बारिश हो रही है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में पिछले कुछ दिनों से लगातार बर्फबारी जारी है। पारा लगातार गिरता जा रहा है, जिससे ठंड बढ़ गई है। अन्य राज्यों के पर्यटक यहां पहुंच कर मौसम का लुत्फ उठा रहे हैं। हिमाचल और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से -3.0 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले हफ्ते से ठंड और बढ़ने के आसार हैं।

**श्रीनगर में तापमान माइनस 1.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज :** जम्मू-कश्मीर में लगातार बर्फबारी के कारण पारा माइनस में बना हुआ है। सुबह के समय मैदानी इलाकों में धुंध देखने को मिल रही है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान माइनस 1.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बर्फबारी के कारण शोपियां को राजौरी और पुंछ से जोड़ने वाले मुगल रोड पर शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन यातायात बंद रहा। वहीं, जम्मू के नत्थाटॉप में भी हल्की बर्फबारी के बाद ठंड बढ़ गई है।

**राजस्थान में चुरू सबसे ठंडी जगह, पारा 5 डिग्री पहुंचा :** राजस्थान में चुरू में सबसे ज्यादा ठंड पड़ रही है। यहां रविवार रात पारा 5 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। करौली में रात का तापमान 7.3 डिग्री, चित्तौड़गढ़ में 7.4 डिग्री, पिलानी (झुंझुनूं) में 7.7 डिग्री, संगरिया (हनुमानगढ़) में 8.9 डिग्री और वनस्थली (टोंक) और सीकर में 10 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों के दौरान मौसम का मिजाज ऐसा ही रहने की संभावना है।

## कुछ लोग देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था से जलते हैं, भारतीय रुपया मजबूत हुआ है : सीतारमण

नई दिल्ली।



महंगाई और देश की अर्थव्यवस्था को लेकर विपक्ष जबरदस्त तरीके से केंद्र सरकार पर हमलावर है। संसद का शीतकालीन सत्र भी चल रहा है। संसद में भी महंगाई और अर्थव्यवस्था के मुद्दे लगातार उठाई जा रही हैं। इन सब के बीच केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में आज बड़ी बात कही है। निर्मला सीतारमण ने साफ तौर पर कहा है कि देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था से कुछ लोग जलते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हम सब को इस पर गर्व होना चाहिए क्योंकि हमारे देश की अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ रही है। अपने बयान में उन्होंने कहा कि दुख की बात है कि संसद में कुछ लोग देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था से जलते हैं। भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है लेकिन विपक्ष को इससे दिक्कत है।

वित्त मंत्री ने आगे कहा कि भारत के विकास पर सभी को गर्व होना चाहिए लेकिन कुछ लोग इसे मजाक के रूप में लेते हैं। इसके अलावा उन्होंने दावा किया कि भारतीय रुपया हर मुद्रा के मुकाबले मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक ने विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग किया है कि उसे यह सुनिश्चित करने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करना है कि डॉलर-रुपये में उतार-चढ़ाव बहुत अधिक न हो। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक कार्यक्रम में कहा था कि देश को "शार्टकट राजनीति" नहीं, बल्कि सतत विकास की आवश्यकता है। इसके साथ उन्होंने कुछ राजनीतिक दलों पर देश की अर्थव्यवस्था को नष्ट करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इससे पहले करदाताओं का धन भ्रष्टाचार एवं वोट बैंक की राजनीति में नष्ट हो जाता था।

## सम्पादकीय



# ज्ञान का समन्वय

भारत के ज्ञानात्मक स्रोतों का इतिहास, हमारे बहुत अर्से तक प्रयोगशील बने रहने का इतिहास है। यह इतिहास हमारे समावेशी और समन्वयी होने से ताल्लुक रखता है। वेदों के संहिता होने की जमीन में इस समावेशन के बीज रोपे गए थे। 'संगच्छध्वम्' को अपना सरोकार बनाने की बात विविधता और बहुलता के मौजूद होने की स्थिति के बिना जन्म नहीं ले सकती। एक वैदिक ऋचा में 'सभी दिशाओं से आने वाले ज्ञान के प्रति अपनी खिड़कियां खुली रखने' के लिए कहा गया है। परंपरा के विकास के लिए यह जरूरी है। वह ज्ञान जिसे हमने अर्जित किया है, वह अन्यों द्वारा अर्जित ज्ञान के संपर्क से प्रयोगशील होकर मौलिक दिशाओं में विकास करता है। वेदों के बाद ब्राह्मणकाल, 'शतपथ' यानी सौ रास्ते खुले रखने को अपना शास्त्र बनाता है। उपनिषद वैदिक ज्ञान पर प्रश्नचिह्न लगा कर विकास के नए रास्ते खोजते हैं। यह स्थिति बौद्ध, जैन, सांख्य, न्याय, योग आदि दर्शनों के खुल कर सवाल उठाते रहने के हालात के कारण विकासमान दिखाई देती है।

यही वजह है कि मध्यकाल में इस्लाम के आने के बाद भी हम सांस्कृतिक तल पर संवाद के लिए खुले रहते हैं। तो, कायदे से होना तो यह चाहिए था कि अंग्रेजी के वर्चस्व-काल में भी हम, पश्चिम के ज्ञान के स्रोतों के साथ, अपना संवाद जारी रखते, प्रयोगशील होने का परिचय देते और पूर्ववत ज्ञान के विकास के रास्ते पर आरूढ़ दिखाई देते। यह हिंदी के ज्ञान और व्यवहार की भाषा की तरह विकसित होने की आदर्श स्थिति होती। पर हालात इसके उलट हैं। हिंदी को ऐसी स्थिति में पहुंचा दिया गया है कि वह अंग्रेजी के साथ ज्ञानात्मक संवाद करने की हालत में नहीं रह गई है। वजह यह है कि सांस्कृतिक तल पर उसके प्रयोगशील होने की संभावना को सांप्रदायिक विभाजन ने नष्ट कर दिया है। अब वह आत्मविकास करने के बजाय, आत्मरक्षा में उलझी रह कर अपना समय गंवा रही है। उसके पास ज्ञान-मूलक विकास की संभावना पर आगे बढ़ने के बजाय, जो रास्ता खुला रह गया है, वह संख्याबल के अहंकार में फूले न समाने का है। वह विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा तो हो सकती है, पर ज्ञान के तल पर समृद्ध भाषाओं की सूची में उसका स्थान कितना संदेहास्पद है, इस पर अब कोई बात नहीं होती।

इससे जुड़ी दूसरी समस्या हिंदी के 'व्यवहार की भाषा' होने की है। व्यवहार के दो पक्ष हैं। एक का संबंध उसके 'संपर्क भाषा' होने से है और दूसरे का 'रोजगार संबंधी दक्षता' का है। संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की स्थिति भारत की अन्य तमाम भाषाओं के मुकाबले बहुत बेहतर है। पर दक्षता से ताल्लुक रखने वालों (स्किल्ड लेबर) के लिए, अंग्रेजी की मार्फत पाया जाने वाला ज्ञान पर्याप्त होता है। हालांकि वह ज्ञान की सबसे निचली पायदान वाला 'सूचनात्मक ज्ञान' अधिक होता है। ज्ञान के उच्चतर रूप वे हैं, जो जीवन के सभी पक्षों का विकास करने में समर्थ होते हैं। उनका संबंध नैतिक और मानवीय मूल्यों से होता है। पर हमारे यहां हालात ऐसे हो गए हैं कि नैतिक और मानवीय मूल्यों के संदर्भ में हम उस हिंदी की ओर देखते हैं, जो सांस्कृतिक तल पर विभाजित है। वहां वह हमें अब प्रयोगशील, मौलिक और उदार बनाने का काम नहीं करती। वह हमें ऐसे संस्कारों की मर्यादा में बांधती है, जो सांप्रदायिक विभाजन के करण, आत्म-रक्षात्मक, उग्र और अन्यों के प्रति घृणा और हिंसा के भावों वाले होते हैं। इसका परिणाम यह निकलता है कि सूचनात्मक दक्षता वाला वर्ग अगर आत्मा से रहित मालूम पड़ता है।

# सपा गठबंधन को मजबूत करने की पटकथा लिख गए उत्तर प्रदेश के उपचुनाव

**भाजपा के लिए बस सकून की एक ही बात है कि इन तीन उपचुनाव में उसके पास एक सीट खतौली थी, वह इसने भले ही गंवा दी हो, किंतु पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान की पुरानी परंपरागत सीट पर उसने कब्जा बना लिया। ये बड़ी बात है कि 71 साल बाद रामपुर में किसी हिंदू प्रत्याशी की जीत हुई है। इसके बावजूद 20024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उसे अपनी नीति में बड़ा बदलाव करना होगा। रामपुर उपचुनाव में मतदान के समय ही लग गया था कि भाजपा जीत सकती है। लगभग 50 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता वाली सीट पर इस बार 33 प्रतिशत ही मतदान हुआ। जबकि पिछली बार 2019 में 41.56 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस चुनाव में आजम खान समर्थित प्रत्याशी होने के बावजूद मुसलिम मतदाता निराश नजर आए। वे मतदान करने घर से बहुत कम निकले। भाजपा समर्थित हिंदू मतदाता में उत्साह नजर आया। उन्होंने दबाकर मतदान किया। टिकट की घोषणा होते के साथ ही आजम खान के दो खास व्यक्ति फसाहत खान उर्फ शानू भाई और चमरौवा के पूर्व विधायक यूसुफ अली बीजेपी में शामिल हो गए थे।**

**उत्तर प्रदेश** के उपचुनाव भाजपा के लिए नया संदेश और नई चुनौती देने वाले हैं। इन उपचुनाव ने बिखर रहे सपा-रालोद गठबंधन को अब पुन: मजबूत करने में बड़ा काम किया। मैनपुरी में सपा की डिंपल यादव और खतौली में सपा-रालोद के उम्मीदवार मदन भैया की विजय से सपा-रालोद गठबंधन आगे और मजबूत होगा। जबकि अब तक रालोद का कहना था कि स्थानीय निकाय चुनाव वह अपने बूते पर लड़ेगा, किसी से गठबधंन नहीं किया जाएगा। किंतु इस चुनाव के बाद लगता है कि ये गठबंधन आगे भी जारी रहेगा। यह भी तय हो गया मैनपुरी चुनाव में नजदीक आए शिवपाल यादव अब सपा में ही रहेंगे। उन्होंने पुत्रवधु डिंपल की विजय के बाद प्रसपा के सपा में विलय की घोषणा कर दी। अपनी गाड़ी पर सपा का झंडा लगा लिया। इस विलय से कमजोर हो रही सपा मजबूत होगी। मुलायम सिंह की मौजूदगी में बंट गया उनका कुनबा उनके बाद इस चुनाच से एकजुट हो गया। उम्मीद है कि आगे भी यह एकजुट रहेगा।

अखिलेश काफी समये से पश्चिम उत्तर प्रदेश में दखल नहीं देते। यहां उनके पिताश्री के मित्र आजम खान की चलती है। अखिलेश सत्ता में आते ही आजम खान की इस अकड़ को तोड़ने की कोशिश करते रहे। आजम खान जब तक जेल में रहे, अखिलेश यादव ने उनसे मुलाकात नहीं की। लगता है कि अखिलेश आजम खान से छुटकारा चाहते हैं। इस बार उन्हें अवसर मिल गया। पूर्व मंत्री आजम खान पर हेट स्पीच की वजह से लगी रोक के बाद रामपुर की यह सीट खाली हुई। अखिलेश ने आजम खान के खास व्यक्ति आसिम रजा को फिर से यहां से टिकट दिया। शायद उनकी सोच यह रही कि अगर ये प्रत्याशी हारता है तो इसका अपयश आजम को ही जाएगा। सीट आजम खान के अयोग्य घोषित होने के कारण रिक्त हुई है, इसलिए ये टिकट आजम खान के परिवार के सदस्य को दिया जाना चाहिए था। आजम खान के परिवार के सदस्य को टिकट न दिए जाने में अखिलेश यादव ने बता दिया था कि वह आजम खान का गुरूर तोड़ना चाहते हैं। इस सीट से 71 साल बाद हिंदू प्रत्याशी भाजपा के आकाश सक्सेना ने जीत हासिल की। आजम खान इस सीट से दस बार और एक बार उनकी पत्नी विधायक रह चुकीं हैं। ऐसी मजबूत और परंपरागत सीट को बचाने के लिए पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान ने पूरे जोर लगाए।

वोटरों को इमोशनली प्रभावित करने के लिए एक बार मंच से आंसू भी बहाए। इस सीट पर सपा के आसिम रजा को 47296 वोट मिले हैं। बीजेपी के आकाश सक्सेना को 81432 वोट मिले हैं। भाजपा प्रत्याशी आकाश सक्सेना ने 21वें राउंड में बड़ा उलटफेर करते हुए आसिम रजा को पीछ कर दिया। इससे पहले आसिम लगातार 5-6 हजार वोटों से आगे चल रहे थे। 34वें राउंड की गिनती में आकाश की जीत पक्की हो गई। 34136 वोटों से आजम खान के करीबी आसिम रजा को शिकस्त मिली है। बीजेपी ने जब रामपुर लोकसभा उपचुनाव फतह किया था तो पहली बार बीजेपी को लेकर अल्पसंख्यक तबका नरम दिखाई दिया था। बीजेपी



ने खुद को मिली इस स्वीकार्यता को पसमांदा सम्मेलन के जरिए और आगे बढ़ाया। उन्हें तरक्की और बेहतरी का रास्ता दिखाया। उसका प्रयास है कि आगामी लोकसभा चुनाव तक वह मुस्लिम पसमांदा का अपने से जोड़ने में कामयाब हो जाए। समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यादव की विरासत मैनपुरी को बचाने में एक बार फिर कामयाब हो गई है। मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में सपा ने रिकॉर्ड जीत हासिल की है। डिंपल ने भाजपा के रघुराज शाक्य को 2,88,461 वोटों से हरा दिया है। डिंपल को 64 प्रतिशत वोट के साथ 618120 मत मिले। भाजपा के रघुराज शाक्य को 34.18 प्रतिशत के साथ 329659 वोट हासिल हुए। इस ऐतिहासिक जीत के साथ डिंपल यादव मैनपुरी लोकसभा सीट से पहली महिला सांसद बन गई हैं। हालांकि इस सीट का बचाए रखने के लिए अखिलेश यादव और उनके परिवार को दनि-रात एक करने पड़े। स्वयं अखिलेश यादव घर-घर वोट मांगते घूमे। खुद डिंपल भी डोर टू डोर गईं। बड़ों के पांव छूकर आशीर्वाद लेती दिखाई दीं। चाचा शिवपाल को आंख दिखाने और अपमानित करने वाले अखिलेश यादव उन्हें इस चुनाव में पलकों पर बैठाए घूमे। शिवपाल यादव ने भी परिवार की बहू को जिताने में दिन-रात एक कर दिया। भाजपा के रघुराज शाक्य अपने का मुलायम सिंह का वारिस और शिष्य बताते घूमे, किंतु मतदाताओं ने उन्हें निराश ही किया। गौरतलब है कि 2019 में सपा-बसपा गठबंधन में मैनपुरी सीट मुलायम सिंह यादव सिर्फ 95 हजार वोटों से जीते थे। उस चुनाव में मुलायम सिंह को 5,24,926 और प्रेम सिंह शाक्य को 4,30,537 वोट मिले थे। मुलायम सिंह को 53 प्रतिशत और प्रेम सिंह शाक्य को 44.09 प्रतिशत वोट मिले थे। इस बार बसपा ने चुनाव में अपने प्रत्याशी नहीं उतारे थे। उम्मीद थी कि बसपा का दलित वोट भाजपा को जाएगा, किंतु यहां एकतरफा मतदान हुआ। डिंपल यादव दो लाख 88 हजार से ज्यादा रिकॉर्ड मत पाकर विजयीं हुईं। मुजफ्फरनगर की खतौली विधानसभा में सपा-रालोद गठबंधन के मदन भैया की जीत हुई है। मदन भैया को 97139 वोट मिले हैं, जबकि भाजपा प्रत्याशी और पूर्व विधायक विक्रम सैनी की पत्नी राजकुमारी सैनी को 74995 वोट मिले हैं। यहां मदन भैया 22144 वोट के मार्जिन से जीत दर्ज की है। मदन भैया ने पिछला चुनाव लगभग 15 साल पहले जीता था। जबकि राजकुमारी सैनी के पति विक्रम सैनी 2022 में भाजपा के टिकट पर चुनाव जीत कर विधायक बने थे।

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपका मन बेचैन रहेगा। किसी बात को लेकर कुछ ज्यादा ही इमोशनल रहेंगे। आज किसी के साथ वाद-विवाद में न उतरें। आपका मानभंग होने का प्रसंग न बनें, इसका ध्यान रखें। नए काम की शुरुआत आज ना ही करें।

### वृषभ
जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। मित्रों से हानि हो सकती है। आर्थिक कामों में आज कोई अड़चन आ सकती है। व्यापार में भागीदारी के काम में आपको लाभ मिलेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

### मिथुन
पूंजी निवेश करने वालों को चाहिए कि वे सावधानीपूर्वक पूंजी निवेश करें। नए कार्यों का प्रारंभ कर सकेंगे। माता-पिता के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। आपके दिन का आरंभ शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से होगा। आप खुश रहेंगे।

### कर्क
परिजन और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे। आज खर्च अधिक न हो, इस पर नियंत्रण रखें। नौकरीपेशा लोगों को साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। आज आय के मुकाबले खर्च अधिक रहेगा।

### सिंह
आंखों में दर्द की समस्या आ सकती है। मानसिक चिंता बनी रहेगी। लोगों से सादगीपूर्ण व्यवहार करें। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन लाभदायी रहेगा। पारिवारिक वातावरण भी अच्छा रहेगा। मन से नकारात्मक भावनाएं दूर रखें।

### कन्या
आज सुबह का समय बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आनंदप्रद और लाभप्रद समाचार मिलेंगे। मित्रों के साथ दिन अच्छा बीतेगा। आय में वृद्धि होगी तथा धन लाभ होगा।

### तुला
वाहन चलाने में सावधानी रखें। मानसिक चिंता बढ़ सकती है। परिजन और संतान के साथ मनमुटाव हो सकता है। आपका दिन अनुकूल रहेगा। परिजनों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे।

### वृश्चिक
दोस्तों और स्वजनों से उपहार मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों के काम से अधिकारी खुश रहेंगे। दोपहर के बाद आपमें किसी बात का कन्फ्यूजन रहेगा। विवाह योग्य जातकों का रिश्ता पक्का हो सकता है। मित्रों से लाभ होगा।

### धनु
आज सुबह आपका मन किसी बात को लेकर चिंता में रहेगा। नौकरी में अधिकारी आप से अप्रसन्न रहेंगे। संतान के साथ भी मतभेद हो सकता है, लेकिन दोपहर के बाद कार्यालय के वातावरण में सुधार होगा।

### मकर
उच्च अधिकारी की कृपादृष्टि आप को लाभ देगी। आरोग्य अच्छा रहेगा। आध्यात्मिकता और ईश्वर की प्रार्थना से अनिष्ट से बच सकेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। सभी के साथ आप अच्छा व्यवहार रखें।

### कुंभ
वाणी पर संयम रखने से परिस्थिति अनुकूल बनी रहेगी। व्यापार में कोई मुश्किल आ सकती है। पार्टनरशिप के काम में आप ध्यान रखें। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज आपका दिन मिश्रित फलदायी है।

### मीन
सुबह के समय आप आनंद और मनोरंजन में डूबे रहेंगे। पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा। दोपहर बाद मन में कई तरह के नेगेटिव विचार आने से काम में मन नहीं लगेगा। कोई पुरानी चिंता फिर उभर आएगी।

## व्यापार समाचार

# सेंसेक्स 51 अंक गिरकर 62130 पर बंद हुआ

मुंबई।

वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख और विदेशी निवेशकों की सतत निकासी के बीच सोमवार को सतर्कता भरे कारोबार में सेंसेक्स 51 अंक के नुकसान में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी लगभग सपाट रुख के साथ बंद हुआ। कारोबारियों के मुताबिक, नवंबर के मुद्रास्फीति आंकड़ों से पहले कारोबारियों ने सतर्कता बरती। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 51.10 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 62,130.57 अंक पर बंद हुआ। हालांकि, सेंसेक्स एक समय 505.52 अंक यानी 0.81 प्रतिशत तक लुढ़क गया था लेकिन बाद में इसमें सुधार आया। एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी भी उतार-चढ़ाव भरे



कारोबार के बाद सपाट स्तर पर रहा। निफ्टी 0.55 अंक की मामूली बढ़त के साथ 18,497.15 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक, पावर ग्रिड, भारती एयरटेल, एसबीआई और बजाज फिनसर्व नुकसान में रहीं। वहीं, टाटा स्टील, नेस्ले, डॉ रेड्डीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू बाजार में शुरुआत काफी कमजोर के साथ हुई थी लेकिन बैंकिंग, धातु और तेल-गैस के शेयरों में तेजी से इस नुकसान की काफी हद तक भरपाई हो गई। हालांकि, आईटी शेयरों में बिकवाली जारी रहने से बाजार पर पर दबाव बना हुआ है।'' एशिया के अन्य बाजारों में भी गिरावट का रुख देखा गया। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजारों में भी दोपहर के सत्र में गिरावट देखी जा रही थी। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को नकारात्मक स्तर पर बंद हुए थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.80 प्रतिशत गिरावट के साथ 75.49 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने भारतीय बाजार से निकासी का सिलसिला जारी रखा है। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, एफआईआई ने शुक्रवार को 158.01 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

# डालमिया भारत 5,666 करोड़ रुपये में खरीदेगी जेपी समूह का सीमेंट कारोबार

नई दिल्ली।

डालमिया भारत लि. ने सोमवार को जेपी समूह की प्रमुख कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स लि. तथा सहयोगी कंपनियों के सीमेंट कारोबार के अधिग्रहण की घोषणा की। यह अधिग्रहण 5,666 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर किया जाएगा। डालमिया भारत ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी पूर्ण अनुषंगी डालमिया सीमेंट भारत लि. (डीसीबीएल) ने जयप्रकाश एसोसिएट्स लि. तथा उसकी संबद्ध कंपनियों से क्लिंकर, सीमेंट और बिजली संयंत्र के अधिग्रहण को लेकर पक्का समझौता किया है। सौदे में 94 लाख टन सालाना क्षमता की सीमेंट इकाई, 67 लाख टन क्लिंकर क्षमता तथा 280 मेगावॉट क्षमता का तापीय बिजलीघर शामिल हैं। यह सौदा 5,666 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर किया गया है। डालमिया भारत ने कहा, ''ये संपत्तियां मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में स्थित हैं।''

इस अधिग्रहण से डालमिया को देश के मध्य क्षेत्र में अपनी मौजूदगी बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह कंपनी के वित्त वर्ष 2026-27 तक 7.5 करोड़ टन और 2030-31 तक 11 से 13 करोड़ टन क्षमता की सीमेंट कंपनी बनने के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सूत्रों के अनुसार, सौदा जांच-पड़ताल, जयप्रकाश एसोसिएट्स लि. के कर्जदाताओं/संयुक्त उद्यम भागीदार तथा नियामकीय प्राधिकरणों से मंजूरी पर निर्भर है।

## मोदी सरकार ने 1.25 लाख करोड़ रुपये का काला धन जब्त किया : वैष्णव

नई दिल्ली।

रेल, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नरेंद्र मोदी सरकार के आने के बाद 1.25 लाख करोड़ रुपये का काला धन जब्त किए जाने का दावा करते हुए सोमवार को कहा कि पारदर्शिता इस सरकार के सुशासन मॉडल का एक अहम पहलू है। वैष्णव ने यहां 'रेल भवन' में संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि मोदी सरकार के समय पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए करीब 4,300 करोड़ रुपये मूल्य की परिसंपत्तियों को कुर्क करने के साथ ही 1.75 लाख कंपनियों का पंजीकरण भी निरस्त किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने लंबी सार्वजनिक सेवा के दौरान सुशासन के उस मॉडल में महारत हासिल कर ली है जिसकी शुरुआत गुजरात में हुई थी। उन्होंने कहा, ''अब गुजरात के उसी मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया जा रहा है।'' वैष्णव ने कहा, ''सुशासन के इस मॉडल में बुनियादी तौर पर आम आदमी हरेक गतिविधि के केंद्र में होता है और पारदर्शिता भी इस मॉडल का एक अहम पहलू है।''

# कार्बन उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार देश दुनिया को तेजी से बदल रहे : जयशंकर

अबू धाबी/लंदन।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार देशों को शीघ्र कदम उठाने और वैश्विक तापपान को बढ़ने से रोकने की दिशा में काम करने की जरूरत है। अबू धाबी में जलवायु, वित्त और प्रौद्योगिकी विषय पर 'इंडिया ग्लोबल फोरम यूएई समिट' को संबोधित करते हुए जयशंकर ने जलवायु को लेकर बहस के दो हिस्सों के बीच फर्क का जिक्र किया। इसके तहत उन्होंने जलवायु कार्रवाई और हरित विकास के लिए क्षमता और दूसरा ''कठिन'' हिस्सा जलवायु न्याय को रेखांकित किया, जिसके लिए विकासशील दुनिया से किए गए वादों को पूरा करने की आवश्यकता है। जयशंकर ने कहा, ''महत्वपूर्ण है कि जो कार्बन स्पेस पर कब्जा कर रहे हैं, वे वादा करते रहे हैं कि वे दूसरों की मदद करेंगे और स्पष्ट रूप से उन्होंने दुनिया को तेजी से बदला है।''

विदेश मंत्री ने कहा, ''वे हर सीओपी (कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज) में कुछ नए तर्क, कुछ बहानेबाजी,



कुछ ऐसी चीजें प्रस्तुत करते हैं जो मार्ग को बाधित करती रहती हैं। इसलिए, आज आप जिस वास्तविक समस्या का सामना कर रहे हैं, वह कई सीओपी में आ चुका है। विकसित देश अभी भी अपने वादों को निभाने के बारे में गंभीर नहीं हैं। निराशा बढ़ रही है क्योंकि दुनिया की स्थिति स्पष्ट रूप से बदतर होती जा रही है।'' मंत्री ने ''बड़े उत्सर्जक'' जैसी पहचान के साथ देशों को लक्षित करने और भ्रमित करने के लिए कुछ जलवायु विमर्श की भी निंदा की। उन्होंने कहा, ''उस देश में प्रति व्यक्ति उत्सर्जन हो सकता है जो बाकी दुनिया का दसवां हिस्सा है। हालांकि, यह वह देश नहीं है जिसने कार्बन स्पेस पर कब्जा कर लिया। इसलिए कहीं न कहीं लोगों को इसके बारे में हकीकत जानने की जरूरत है और कहना चाहिए कि जलवायु परिवर्तन के लिए वास्तव में कौन जिम्मेदार हैं और क्या कदम उठाने चाहिए।''

संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति के कूटनीतिक सलाहकार डॉ अनवर मोहम्मद गर्गश के साथ बातचीत में जयशंकर ने दुनिया में दो बड़े विभाजनों पर भी प्रकाश डाला-एक यूक्रेन के आसपास केंद्रित पूर्व-पश्चिम विभाजन और दूसरा विकास के आसपास केंद्रित उत्तर-दक्षिण विभाजन। मंच को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा, ''यूक्रेन का भी विकास पर प्रभाव पड़ रहा है। मेरा मानना है कि भारत अकेले नहीं बल्कि यूएई जैसे देशों के साथ इस अंतर को पाटने में भूमिका निभा सकता है।



# लोक सभा में उठा सेना में अग्निपथ योजना को वापिस लेने का मामला

## सांसद बेनीवाल बोले, सेना में संविदा भर्ती युवाओं व सेना के हितों के खिलाफ

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो व नागौर से लोक सभा सांसद हनुमान बेनीवाल ने सोमवार को लोक सभा के शून्यकाल में सेना में अग्निपथ योजना को पुन: वापिस लेने की मांग उठाई,बेनीवाल ने सदन में दिए गए अपने वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा की सेना जैसे संस्थान में अग्निपथ योजना के माध्यम से संविदा भर्ती का निर्णाग किसी भी दृष्टि से सही नहीं है। सांसद ने कहा कि केंद्र के इस फैसले के विरुद्ध राजस्थान सहित देश भर के युवा आंदोलित है। उन्होंने राजस्थान में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी द्वारा अग्निपथ के विरोध में प्रदेशभर में लोकतांत्रिक रूप से किए गए विरोध व 27 जून 2022 को जोधपुर में दो लाख से अधिक युवाओं की मौजूदगी में की गई रैली का उदाहरण देते हुए की सरकार को अब समझ जाना चाहिए की युवा केंद्र के इस निर्णय के खिलाफ आंदोलित है।

**यह सवाल उठाए अग्निपथ पर :** सांसद ने कहा अग्निपथ के माध्यम से ली जाने वाली संविदा भर्ती के चार वर्षो बाद युवाओं का क्या भविष्य होगा? इस पर बहुत बड़ा सवालिया निशान है क्योंकि चार वर्ष के बाद न किसी को रेंक मिलेगी, न ही प्रमोशन और पेंशन ऐसे में सरकार को सेना में जाने के इच्छुक युवा वर्ग के हितों के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। सांसद बेनीवाल ने कहा कि सरकार अग्निवीरों को रिटायरमेंट के बाद सार्वजनिक उपक्रमों में नौकरी देने की बात करती है लेकिन पूर्व सैनिकों के लिए ग्रुप सी और ग्रुप दी में क्रमश: 10 और 20 प्रतिशत आरक्षित होने के बावजूद हकीकत में 1.29 प्रतिशत और 1.66 प्रतिशत नौकरी ही दी जा सकी। वहीं केंद्रीय सुरक्षा बलों के भी पूर्व सैनिकों को दस प्रतिशत नौकरी देने की बात कही गई लेकिन वास्तविक आंकड़ों में एक प्रतिशत से भी कम पूर्व सैनिकों को नौकरी मिल पाई।

### यह मांग रखी सांसद ने

सांसद हनुमान बेनीवाल ने पुराने तर्ज पर सेना भर्ती रैलियों का आयोजन दो वर्ष की आयु में छूट देते हुए प्रारंभ करने व भारतीय सेना के साथ नेवी और वायुसेना में लंबित रही भर्तियों को पूरा करते हुए अग्निपथ जैसे फैसले को वापिस लेने की मांग की।

# सांसद हनुमान बेनीवाल को जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

अली शेर खान



**शेरानी आबाद( नागौर डेली न्यूज ) :** नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल को सोशल मीडिया के थ्रू जान से मारने की धमकी देने पर नागौर पुलिस अधीक्षक के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए खुनखुना थाना पुलिस व टीम ने एक आरोपी को तेलंगाना हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। राममूर्ति जोशी पुलिस अधीक्षक नागौर के निर्देशन में व विमलसिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीडवाना एवं गोमाराम वृताधिकारी डीडवाना के सुपरविजन में खुनखुना थानाधिकारी बनवारीलाल मीणा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल को जान से मारने की धमकी देने के प्रकरण में तकनिकी साधनों से आरोपी का हैदराबाद (तेलंगाना) से दस्तायाब किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर एसीजेएम कोर्ट नावां पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। 7 दिसंबर को राजेश कुमार पुत्र गिरधारीराम जाति जाट उम्र 44 वर्ष निवासी नरहड़ पुलिस थाना पिलानी जिला झुन्झुनूं हाल पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना डीडवाना जिला नागौर ने पुलिस थाना डीडवाना पर प्रकरण दर्ज किया। रिछपाल कांस्टेबल ने राजेश कुमार थानाधिकारी डीडवाना के समक्ष उपस्थित होकर बताया कि दिनांक 7 दिसम्बर को मैं आपराधिक आसूचना संकलन हेतु फेसबुक को देखा तो रामदेव रामु फेसबुक आईडी मो.नं. 6377579334 से कमेन्ट किया है कि आज राजु मरा है, नेक्स्ट हनुमान बेनीवाल का नम्बर है। हनुमान बेनीमाल नागौर के सांसद है। हाल ही में सीकर मे कुख्यात गैंगेस्टर राजु ठेठ की हत्या हुई है और अब उक्त राजु ठेठ का हवाला देकर सांसद हनुमान बेनीवाल की हत्या की धमकी दी है। इस प्रकरण संख्या 364 / 2022 धारा 505 ( 2 ), 506 भादसं पुलिस थाना डीडवाना पर दर्ज कर तफ्तीश बनवारीलाल थानाधिकारी खुनखुना द्वारा की गई। पुलिस ने इस मामले में रामदेव पुत्र गोविन्दराम जाति जाट उम्र 30 साल निवासी सुदरासन पुलिस थाना मौलासर को गिरफ्तार किया व आरोपी के कब्जे से एक मोबाईल जब्त किया।

### इस टीम ने की कार्यवाही

टीम में बनवारीलाल खुनखुना थानाधिकारी, रघुराज सिंह पुलिस थाना डीडवाना, श्यामप्रताप हैड कांस्टेबल साईबर सैल नागौर,धर्मेन्द्र कुमार खुनखुना, सुशील कांस्टेबल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यलय डीडवाना, सुरेश पुलिस थाना डीडवाना कार्यवाही टीम में शामिल रहे।

# निलंबित शिक्षक को बहाल करने की मांग

## एक तरफा कार्यवाही का शिक्षक संघ शेखावत करेगा विरोध

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** एक तरफा कार्यवाही का आरोप लगाते हुए शिक्षक को निलंबित करने का राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत ने विरोध किया। इस सम्बंध में मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्य उपसचेतक व मुख्य सचिव शिक्षा विभाग को मेल भेजकर निलंबित शिक्षक को शीघ्र बहाल करने की मांग की हैं। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के जिला मंत्री प्रेम सिंह चौधरी ने बताया कि 6 दिसंबर को राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय, पांचवा तहसील कुचामनसिटी का निदेशक बीकानेर द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक शिक्षा विभाग अजमेर द्वारा आर.के.एस.एम.बी के कार्यक्रम में शिथिलता बरतने पर शिक्षक का बिना पक्ष सुने, बिना कोई नोटिस या चेतावनी दिए सीधा ही एक तरफा कार्यवाही करते हुए सामाजिक विज्ञान के वरिष्ठ अध्यापक को निलंबित कर दिया था जबकि आर के एस एम बी के कार्यक्रम हिन्दी, अंग्रेजी व गणित विषय पर आधारित है।

### गैर शैक्षणिक कार्यों के बोझ तले दबकर मानसिक रूप से विचलित हैं शिक्षक

जिलामंत्री प्रेम सिंह चौधरी ने कहा कि पीड़ित शिक्षक की सेवानिर्वती में एक वर्ष शेष है और कर्त्तव्यनिष्ठ शिक्षक को अपने सेवाकाल में आज दिन तक कार्य के प्रति लापरवाही का नोटिस तक नहीं मिला है तथा आम शिक्षक अपने शैक्षिक कार्यो को छोड़ कर ढेर सारे गैर शैक्षणिक कार्यों के बोझ तले दबकर मानसिक रूप से विचलित हैं, जिससे शिक्षको में भारी आक्रोश है। शिक्षक नेता पवन शर्मा, टोडा राम चौधरी, मोहम्मद शकील, भागीरथ महला, राजेन्द्र मेघवाल, इमरान देवड़ा, नेमाराम ढाका, गिरधारी सिंह, श्रवण खोखर, सहजाद खान, संजय खटीक, रमेश शर्मा, इमरान राव, त्रिलोक नेहरा, बुनियाद खान आदि ने ईमानदार व कर्त्तव्यनिष्ठ निलंबित शिक्षक को बहाल करके आम शिक्षक को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति दिलवाने की मांग की है ताकि शिक्षक स्वतन्त्र रूप से कार्य करते हुए शैक्षिक गुणवत्ता के साथ गरीब, मजदूर व किसान के बेटे को विकासशील भारतवर्ष में भागीदार बना सके, अन्यथा राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत को मजबूरन आंदोलन की राह अपनानी पड़ेगी।

# मौसमी बीमारियों का बढ़ा प्रकोप

## एक चिकित्सक के भरोसे मौलासर तहसील का अस्पताल

कमल सैन



**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** क्षेत्र में ठिठुरन बढ़ने के साथ ही मौसमी बीमारियों का प्रकोप गहराने लगा है। इसी के चलते कस्बे का सोमाणी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सालय में आउटडोर में रोगियों की उपचार के लिए लंबी कतारें सुबह से नजर आने लगी है। यहां रोजाना औसतन तीन सौ से अधिक रोगी पहुंच रहे है। पर्ची और दवा काउंटरों पर लगी भीड़ के कारण संक्रमण का भी खतरा बढ़ने की आशंका नजर आ रही है, परन्तु सबसे बड़ा विषय है कि एक चिकित्सक के भरोसे मौलासर तहसील का अस्पताल जो चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा है, इसकी और ना तो चिकित्सा विभाग ध्यान दे रहा है ना ही कोई जनप्रतिनिधि, जिसके कारण मरीजो को आये दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**काउंटर पर रहती भीड़ :** अस्पताल में आउटडोर में दिखाने के लिए एक पर्ची काउंटर संचालित है। इसी तरह अस्पताल में एक दवा काउंटर हैं, जहां पर मरीजों को नि:शुल्क दवा मिलती हैं। जिस पर भीड़ एकत्रित होने के कारण मरीजो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**यूं सात कतारो से गुजरना पड़ता है मरीजों को :** यहां अस्पताल में रोगी को अपना इलाज कराने के लिए एक के बाद कतार में जूझना पड़ रहा है। पहली कतार ओपीडी पर्ची, दूसरी कतार चिकित्सालय परामर्श, तीसरी कतार लैंब में जांच सैंपल, चौथी कतार एक्सट्रे, पांचवी कतार लैंब की जांच रिपोर्ट, छठी कतार चिकित्सालय की रिपोर्ट दिखाकर दवा लिखवाने तथा सातवीं कतार दवा केंद्र से दवा लेने के लिए बनी रहती हैं।

**तीन सौ से अधिक प्रतिदिन की ओपीडी :** मौसमी बीमारियों के प्रभाव से तहसील स्तर का अस्पताल की ओपीडी रोजाना औसतन तीन सौ के अधिक पहुंच गई है। वही रोज ओपीडी बढ़ती नजर आ रही है। यहां जुकाम, बुखार, उल्टी-दस्त समेत अन्य बीमारियों के रोगी आ रहे हैं। मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ रही हैं। चिकित्सालय भी मरीजों को देखने के लिए पूरी तरह से मुरीद हैं। सभी सुविधाए उपलब्ध करा रहे हैं।

### इनका कहना है



तहसील स्तर का अस्पताल जिसमें दो चिकित्सक लगे हुए है, जिसमें से एक कि रात्रिकालीन ड्यूटी होने के कारण दिन में एक ही चिकित्सक मिलते है। इससे मरीजों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। जल्द ही चिकित्सक पद पर चिकित्सक नहीं मिले तो धरना दिया जायेगा।

**चेनाराम बलारा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य मौलासर**

# महामंत्री अरुण सिंह का किया जोरदार स्वागत

## महिलाओं ने की पुष्प वर्षा, गाये मंगल गीत



श्याम सुंदर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी कस्बे के हाईवे पर स्थित केरिया बालाजी मंदिर परिसर के बाहर लोकेन्द्र सिंह टीम के तत्वावधान में जनाआक्रोश यात्रा का स्वागत समारोह का आयोजन देर रात रविवार को रखा गया। पूर्व सरपंच सरपंच व युवा नेता लोकेन्द्र सिंह ने बताया कि भाजपा द्वारा कांग्रेस सरकार के कुशासन के विरोध में आयोजित जनाआक्रोश यात्रा देर मीठड़ी पहुंची। लोकेन्द्र सिंह टीम के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह का पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। महिलाओं ने मंगल गीत गाकर अतिथियो का स्वागत किया। साथ ही कांग्रेस शासन को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। प्रदेश प्रभारी सिंह ने कहा कि कांग्रेस के राज में आये दिन अपराधिक घटनाए हो रही है। कानून का मजाक बनाकर रख दिया है। इस दौरान पूर्व सरपंच लोकेन्द्र सिंह,मीठड़ी सरपंच कैलादेवी बावरी,वार्ड पंच प्रेमसुख योगी,मेट निशा मेघवाल सहित टीम के सैकड़ों कार्यकर्ता ,महिलाए आदि मौजूद थी।

# जरूरतमंद परिवार की बेटियों के हाथ पीले करने आगे आए दानदाता

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** ग्राम पंचायत पलाड़ा में सामाजिक समरता निभाते हुए स्वर्गीय श्योजी राम मेघवाल मृत्यु हो जाने के उपरान्त 4 लड़कियों की शादी में आर्थिक सहयोग के लिए दानदाताओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। जानकारी के अनुसार एक लाख रूपये विजय सिंह पलाड़ा ने, 71 हजार रूपये अनिलसिंह मेड़तिया प्रदेश उपाध्यक्ष विश्व हिन्दू महासंघ ने, 30 हजार रूपये राकेश चौधरी अलवर (श्रम अधिकारी अलवर), 21 हजार रूपये राकेश चौधरी (श्रम अधिकारी सीकर), 21 हजार रूपये सम्पतसिंह गुढ़ा, 21 हजार रूपये नितेश चौधरी प्रदेश अध्यक्ष विश्व हिन्दू महासंघ, 21 हजार रूपये बाबुलाल कुमावत पलाड़ा जिला परिषद सदस्य, 14400 रूपये अजय सिंह नांगल (कुर्सीसेट), 11 हजार रूपये संजीव सोलंकी (रोजगार अधिकारी जयपुर), 11 हजार रूपये अशोक जोधपुर, संजय जोधपुर, 11 हजार रूपये विकास फरिदाबाद, 11 हजार रूपये शिम्भू दयाज अग्रवाल, 11 हजार रूपये दिनेश डालुका, 11 हजार रूपये पवन भोमराजका ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया।


# नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर 14 को

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट एवं लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान मे रामानन्द चन्द्रकुमार वर्मा के सौजन्य से जिला अन्धता निवारण समिति जयपुर एवं शंकरा नेत्र अस्पताल जयपुर के सहयोग से गोल प्याऊ स्थित माहेश्वरी भवन मे 14 दिसंबर बुधवार को नि:शुल्क नेत्र जांच एवं लेन्स प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया जायेगा। ट्रस्ट अध्यक्ष लॉयन राम काबरा ने बताया शिविर में प्रात: 10 से दोपहर 1 बजे तक शंकरा अस्पताल जयपुर की चिकित्सक टीम द्वारा रोगियों को जांच कर ऑपरेशन के लिये चयन किया जायेगा चयनित रोगियों को बस द्वारा शंकरा नेत्र अस्पताल जयपुर ले जाकर लेन्स प्रत्यारोपण किये जायेंगे।

# हनुमान मंदिर में हुवे धार्मिक आयोजन

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** संत श्री 1008 रामजीवन महाराज की 58वीं बरसी के उपलक्ष मे डेगाना के बाल हनुमान मंदिर झण्डा नाड़ा में समस्त ग्रामीणों का जन सैलाब उमड़ा। इस मौके पर भक्तो द्वारा प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। कांग्रेस महामंत्री रामलाल मुवाल, परमाराम कड़वा, ताराचंद गहलोत, मोहनराम डोडवाडिया, लक्ष्मीनारायण हेड़ा, जगदीश हेड़ा, लक्ष्मण सिंह, प्रकाश कुंकणा, सुरेश सोनी, राजाराम व्यास, पवन मोदानी, गोपाल सोनी, गणपतलाल मुवाल, सुवानाथ आदि मौजूद रहे।

# राना स्कूल के छात्रों ने जीता मेडल



## नेशनल टीम में हुआ चयन

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** राना इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। स्कूल प्राचार्य सी.एस. सांगवान ने बताया कि करणसिंह राठौड़ ने सीबीएसई द्वारा आयोजित आर्चरी प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल तथा जयपाल सिंवर ने ताई क्वांडो में सिल्वर मेडल जीत कर विद्यालय और डेगाना का नाम रोशन किया है। दोनो ही विद्यार्थियों का नेशनल में चयन हो गया है। अब दोनो राष्ट्रीय स्तर पर अपना दम दिखाएंगे। इसके साथ ही अभिजीत सिंह राठौड़ ने भी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक रामचंद्र जाजुंदा ने छात्रों को सम्मानित करते हुए बताया की विद्यालय द्वारा अतिरिक्त समय और क्लास उपलब्ध करवा कर विद्यार्थियों के हुनर को निखारा जाता है। जिसके परिणाम स्वरूप छात्र राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर हम सभी को गर्व का पल प्रदान करते है। हम सभी की आशा है कि आगामी खेल प्रतियोगिताओं में भी विद्यालय की प्रतिभाएं अपना नाम रोशन करेंगी।

# निर्बाध बिजली आपूर्ति निगम की पहली प्राथमिकता : प्रबंध निदेशक

## अजमेर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक एन.एस. निर्वाण हुए लोगों की समस्याओं से रूबरू

जुगल दायमा



**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** सोमवार को अजमेर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक एन.एस. निर्वाण ग्राम नरमा में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। वापस अजमेर जाते समय उन्होंने ग्राम भकरी के राजीव गांधी सेवा केंद्र में लोगों की समस्याओं को जाना। उनके साथ अजमेर जोन के चीफ इंजीनियर मुकेश बालदी भी थे। उन्होंने निगम के कामकाज की समीक्षा और आगामी लक्ष्यों की पूर्ति सम्बंधी जानकारी अधिकारियों से ली। यहाँ आने पर सरपंच अख्तर हुसैन ने उनका साफा पहनाकर अभिनंदन किया। ग्रामीणों ने टापरवाड़ा फीडर से जुड़े गांव-ढाणियों में थ्रीफेस बिजली कटौती को लेकर रोष जताया। उन्होंने तुरंत अधिकारियों को निर्देश देकर बिजली कटौती नहीं करने का आश्वासन दिया। प्रबंध निदेशक निर्वाण ने अधिकारियों को सुबह 5 से 11 बजे तक बिजली कटौती नहीं करने के निर्देश दिए।

**श्मशान भूमि में सिंगल फेस ट्यूबवेल का कनेक्शन सिटी लाइन से जोड़ने की मांग :** सरपंच अख्तर हुसैन ने श्मशान भूमि में सिंगल फेस ट्यूबवेल का कनेक्शन सिटी लाइन से जोड़ने की मांग की। सामाजिक कार्यकर्ता विक्रमसिंह टापरवाड़ा ने निर्धन जस्सूदेवी हरिजन के लंबित कनेक्शन को करने एवं भकरी, टापरवाड़ा, खेड़ी, कुराड़ा फीडर को विभाजित कर नया फीडर बनाने की मांग की। ग्रामीण गुलजार खां ने शाम 5 से रात 10 बजे तक बिजली नही काटने की मांग रखी।

प्रबंध निदेशक निर्वाण ने दूरभाष पर अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश देकर विशेष जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक निर्वाण ने कहा कि आमजन को समय पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलनी चाहिए। राज्य सरकार एवं निगम की यह पहली प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। प्रदेश की सरकार और विद्युत निगम द्वारा पवन ऊर्जा और अन्य ऊर्जा के स्रोतों पर जोर दे रहा है, जिससे विद्युत उत्पादन में कोयले पर निर्भरता कम हो और जनता को निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति हो सके और विद्युत की कटौती को कम किए जाने के प्रयास निगम कर रहा है। उन्होंने एक्सईएन बीएल गोदावत को भकरी में मंगलवार को विशेष जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर करने के निर्देश भी दिए।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर हुक्माराम बाजियां डेगाना, यशवंत सिंह, वीडीओ रामकुंवार मौर्य, वार्डपंच सुरजन सिंह झाला, पटवारी कुलदीप बेनीवाल, महबूब अली, पूर्णमल बंजारा, हसन मोहम्मद, शौकत, जब्बार खींची, याकूब अली सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



# जरूरतमंद विद्यार्थियों को किए ब्लेजर गिफ्ट

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** मूंडवा शहर के दो जुड़वा भाई राम लखन भट्टड़ ने स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों को विद्यालय पोशाक के ब्लेजर उपलब्ध करवाएं, जिनकी कीमत 4000 के करीब है। विद्यार्थियों को उनके द्वारा इस प्रकार की भेंट के लिए प्रधानाचार्य नवीन कुमार पुनिया, पुखराज सेन, बंसी लाल शर्मा, श्यामसुंदर जांगिड़, कमला चौधरी, रामप्रसाद इनानिया, शुभम मोगा, रामेश्वरलाल, रामपाल, मुकेश प्रजापत, दीपिका चांगल व सभी स्टाफ साथियों ने धन्यवाद ज्ञापित किया व माला व तिलक लगाकर स्वागत किया।

# भारत में स्मार्टफोन का अधिक इस्तेमाल पति-पत्नी के रिश्तों को कर रहा है कमजोर : अध्ययन

नई दिल्ली।

दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बन चुके स्मार्टफोन अब लोगों के रिश्तों में खटास बढ़ाने का काम कर रहे हैं। स्मार्ट उपकरण विनिर्माता वीवो के एक अध्ययन में सोमवार को बताया गया कि स्मार्टफोन के अत्यधिक इस्तेमाल की वजह से भारत में विवाहित जोड़ों के संबंधों को नुकसान पहुंच रहा है। साइबर मीडिया के अध्ययन ''स्मार्टफोन और मानवीय संबंधों पर उनका असर 2022' में 67 प्रतिशत लोगों ने यह स्वीकार किया कि अपने जीवनसाथी के साथ समय बिताने के दौरान भी वे अपना फोन देखने में व्यस्त रहते हैं। वहीं 89 प्रतिशत ने कहा कि अपने जीवनसाथी के साथ हल्की-फुल्की बातचीत में उन्होंने कम वक्त दिया जबकि वे चाहते तो अधिक समय दे सकते थे। इसमें स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं ने यह माना कि आमने-सामने की बातचीत ज्यादा राहत देनी वाली होती है लेकिन इसके लिए वे कम वक्त देते हैं। इसमें कहा गया, ''अध्ययन में शामिल लोगों में से 84 प्रतिशत ने कहा कि वे अपने जीवनसाथी के साथ और वक्त गुजारना चाहते हैं। लोग समस्या को स्वीकार कर रहे हैं और इसे बदलने के लिए भी तैयार हैं। 88 प्रतिशत लोगों ने यह माना कि स्मार्टफोन के अधिक इस्तेमाल का असर जीवनसाथी के साथ उनके रिश्ते पर पड़ रहा है।'' इसमें 90 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे अपने जीवनसाथी के साथ अर्थपूर्ण बातचीत करके ज्यादा वक्त बिताना चाहते हैं।

# हिंदू युवा वाहिनी नागौर जिले की कार्यकारिणी का किया विस्तार



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** डूंगरी वाले बालाजी मंदिर में एक बैठक आहुत कर हिंदू युवा वाहिनी नागौर जिले की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। प्रदेश अध्यक्ष केशव अरोड़ा व प्रदेश उपाध्यक्ष मदन लाल कुल्डिया के नेतृत्व में नागौर जिला अध्यक्ष डॉ. रामकुमार गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष होशियार सिंह शेखावत, जिला संगठन मंत्री हरफूल बलारा चित्तावा, तहसील अध्यक्ष रवि भार्गव, तहसील मठ मंदिर प्रमुख शिवपुरी महाराज पांचवा, नगर महामंत्री कैलाश बारिया, तहसील उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार भार्गव बरवाला, तहसील मंत्री सुरेश झाझड़ा आसपुरा, हेमंत स्वामी 26 नंबर वार्ड अध्यक्ष, मनेंद्र सेन वार्ड नंबर 9 अध्यक्ष, सुरेश शर्मा वार्ड नंबर 45 अध्यक्ष, गोपाल कुमावत वार्ड नंबर 37 अध्यक्ष, आनंद शर्मा वार्ड नंबर 3 अध्यक्ष, करण सोनी वार्ड नंबर 27 अध्यक्ष व ओम प्रकाश स्वामी को कार्यकारिणी नियुक्त किया गया। इस मौके पर हिंदू युवा वाहिनी के सभी कार्यकर्ताओं ने राजस्थानी परंपरा के अनुसार माला व नियुक्ति प्रमाण पत्र देकर सभी को बधाई दी।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर युवा नेता सुरेंद्र सिंह दीपपुरा, नगर अध्यक्ष रूप सिंह राजपुरोहित, मीडिया प्रभारी गजेंद्र सिंह आनंदपुरा, नगर उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार, बजरंग लाल जांगिड़ पांचवा, नारायण राम शेषमा, देवी सिंह परिहार, प्रहलाद सिंह पांचवा, भवानी सिंह दौलपुरा, गोपाल आचार्य, आर्यन कुमावत, मुकेश राणा, दिनेश राणा, मदन राणा, सहित सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना के तहत रूपनगर गांव घोषित



हुक्माराम ताडा

**खीवंसर( नागौर डेली न्यूज ) :** मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना के तहत खींवसर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नागड़ी के राजस्व गांव रूपनगर को मुख्यमंत्री चिरंजीवी घोषित किया गया। इस मौके पर नागड़ी सरपंच बलदेव राम सौऊ को उपखंड अधिकारी डॉ. धीरज कुमार सिंह ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मान किया। इस कार्य में ग्राम पंचायत नागड़ी की पूरी टीम का योगदान रहा। उपखंड अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार की मंशा है कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना के अंतर्गत प्रत्येक गांव के लोगों को योजना की जानकारी देकर लाभान्वित किया जाए। इसको लेकर के उपखंड अधिकारी ने प्रत्येक गांव की टीम बनाकर कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी। ग्राम पंचायत नागड़ी के प्रभारी श्री राम पटवारी द्वारा अपनी टीम के साथ मिलकर रुपनगर को मुख्यमंत्री चिरंजीवी घोषित करवाया। इस मौके पर सोमवार को उपखंड कार्यालय में ग्राम पंचायत नागड़ी के सरपंच बलदेव राम सौऊ व टीम प्रभारी श्री राम को प्रशंसा पत्र देकर उपखंड अधिकारी ने सम्मानित किया। एसडीएम ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना के तहत लाभान्वित होना चाहिए। इस योजना के तहत परिवार वाले को लाभ मिलेगा। सरपंच सौऊ ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना के तहत रूपनगर गांव को चिरंजीवी का दर्जा मिला है।

# रोहलन परिवार के सराहनीय कदम की क्षेत्र के लोगों ने की सराहना

## केराप सरपंच के दो भाइयों ने नारियल व एक सिक्का लेकर किया विवाह



अली शेर खान

**शेरानी आबाद( नागौर डेली न्यूज ) :** शादी में अगर सबसे अधिक किसी चीज की चर्चा होती है तो वह दहेज। दहेज कितना दिया, कितना लिया, इसको समाज प्रतिष्ठा से जोड़कर देखता है। दहेज को लेकर कई बार रिश्ते बिगड़ जाते है। यहां तक की महिला उत्पीडन् के दर्ज होने वाले मुकदमों में दहेज को प्रमुख कारण माना जाता है। ऐसे में कोई समृद्ध परिवार बिना दहेज की शादी करें तो अपने आप में सराहनीय व अनुकरणीय है। यहीं पहल निकटवर्ती गांव केराप के हरिप्रसाद रोहलन के पुत्रों व सरपंच सुशील रोहलन, अमित रामदेव रोहलन ने अपने भाइयों की शादी मैं दहेज में 1 रुपये और नारियल लेकर समाज में अनुकरणीय पहल की। दोनों दूल्हे सरकारी नौकरी करतें हैं दिनेश रोहलन आईटीबीपी में और योगेश रोहलन भारतीय रेलवे में सेवा दे रहे है इन दोनों भाइयों का विवाह पावा निवासी मोहनलाल नालिया की पुत्रियां नीरज और कमलेश से हुआ दोनों ही बहनें बिएड कर चुकी है। सरपंच सुशील रोहलन ने बताया की हमारा पूरा परिवार शिक्षित है। दुल्हो के अलावा एक भाई अमित अध्यापक है। बहन सरिता और जवाई पप्पूराम भी अध्यापक है तो छोटी बहन कंचन एलडीसी पद पर थी पर बाद में सरकारी सेवा छोड़ दी और इनके जवाई भरत देवल अभी डीडवाना के पंजाब नेशनल बैंक में मेनेजर है।

# भाजपा राष्ट्रीय मंत्री व राजस्थान प्रभारी का भाजपाइयों ने किया स्वागत

**सांभर चौराहे पर जिला परिषद सदस्य बाबूलाल कुमावत व पालिकाध्यक्ष सायरी गांधी सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने की मुलाकात**



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** नावां के पास सांभर चौराहे पर रविवार देर रात भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री व राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह का जिला परिषद सदस्य बाबूलाल कुमावत और पालिकाध्यक्ष सायरी गांधी ने भव्य स्वागत किया।

जिला परिषद सदस्य बाबूलाल कुमावत ने बताया कि राजस्थान प्रभारी अरुणसिंह नावां विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मिंडा ने जन आक्रोश सभा को सम्बोधित करने जा रहे थे। सांभर चौराहे पर प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह का भाजपा कार्यकताओं ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इसके साथ सांभर चोराहे पर माला-साफा पहनाकर कार्यकर्ताओ से जन आक्रोश यात्रा को लेकर राजनीति को चर्चाएं की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गजेंद्र ऑडिट, पूर्व विधायक मानसिंह किनसरिया, जिला परिषद सदस्य बाबुलाल पलाड़ा, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेश कुमावत, पार्षद अनिल शर्मा, बाबूलाल कुमावत, जिला मंत्री पूजा कुमावत, जिला कार्यकारिणी सदस्य मोहन नागा, चेयरमैन प्रतिनिधी प्रकाश गांधी, पार्षद प्रतिनिधि प्रह्लाद कुमावत,मुरली शर्मा, रामस्वरूप शर्मा, मदनलाल कुमावत, महेंद्र कुमावत, कैलाश कुमावत, गोविन्द, नीरज, नितेश सैनी, रोहित माचीवाल, अल्पना अग्रवाल, सत्यनारायण कुमावत, महेश पिपलौदा, सुरेश दादरवाल सुरेश कुमावत सहित अन्य मौजूद रहे।

# व्यापार मण्डल प्रत्याशियों ने मांगी जीएसटी फर्म की सूची

## आज आवंटित होंगे प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न

मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** संगमरमर व्यापार मंडल बाईपास रोड मकराना के चुनाव आगामी 18 दिसंबर को होने जा रहे हैं, जिसमें पांच पदों पर 13 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन दाखिल किए वहीं सह सचिव को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। सोमवार को अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मुगेयर आलम गैसावत व फरान अहमद गहलोत सहित अन्य व्यापारियों ने चुनाव कन्वीनर अब्दुल रहमान रांदड़ को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मांग रखी की व्यापारी मतदाता सूची में फर्म का जीएसटी नम्बर अंकित नहीं है। जबकि पिछले चुनाव में व्यापारी की फर्म, नाम, फोटो, मोबाइल नंबर और स्थान अंकित था। इस बार की सूची में केवल फर्म का नाम, व्यापारी का फोटो और मोबाइल नंबर अंकित है।

सूची के अनुसार बिना जीएसटी नम्बर के व्यापारिक फर्म के वैध व लीगल है या फर्म अवैध है इसकी पुष्टि करना मुश्किल है। साथ ही उन्होंने मतदान के लिए ओरिजनल पैन कार्ड व ओरिजनल आधार कार्ड अनिवार्य किए जाने और जीएसटी नम्बर अंकित वाली सूची उपलब्ध कराने की मांग की।

# अम्बुजा सीमेंट मजदूर संघ के श्रमिकों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** सोमवार को अम्बुजा सीमेंट मजदुर संघ (इंटक) से जुड़े श्रमिकों ने अपनी मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। मजदूर संघ ने अंबुजा सीमेंट पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि अंबुजा में काम करने वाले मजदूरों के साथ द्वैषतापूर्ण व्यवहार किया जा रहा है। मजदूर संगठन का कहना है कि शासकीय नियमानुसार एक पंजीकृत संगठन है। संगठन से जुड़े श्रमिकों के हितों के लिए वैधानिक तरीक से अम्बुजा सीमेंट प्रबन्धन के सामने हमारी कुछ मांगे रखी थी। अम्बुजा सीमेंट प्रबन्धन की तानाशाही इतनी है कि शासकीय नियमानुसार पंजीकृत संगठन को ही मानने से इन्कार करते हुए संगठन के साथ कोई भी वार्ता करने को तैयार नहीं हुए। अम्बुजा सीमेंट प्रबन्धन द्वारा हमारे द्वारा रखी गई मांगों के सम्बन्ध में कोई सहानुभुति जताने या इनको पूर्ण करने की बजाय हमारे संगठन से जुड़े श्रमिकों के साथ द्वैषतापूर्ण व



पक्षपातपूर्ण व्यवहार किया जाने लगा है। कुछ श्रमिकों को बिना किसी नोटिस ठोस कारण के उनको कम्पनी से ही बाहर निकाल दिया। यह कम्पनी का सरासर तानाशाही पूर्ण रवैया है, जिसका मजदूर संगठन ने पुरजोर तरीके से विरोध करगे। मजदूर संगठन का कहना है कि लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में वैधानिक तरीके से संगठन बनाना और उससे जुड़ना कोई अपराध जबकि संगठन द्वारा किसी प्रकार का कोई अवैधानिक कार्य नहीं किया गया। मजदूर संगठन की छः मांगे हैं। सभी संविदा श्रमिकों को स्थाई किया जाए, सभी श्रमिकों को सीमेंट वेज बोर्ड से लगाया जाए, सभी श्रमिकों को निशुल्क ड्रेस, सुरक्षा उपकरण व छुट्टियां प्रदान की जाए, सभी श्रमिकों को कैंटीन की सुविधा, पानी, शौचालय विश्रामगृह की सुविधा दिलवाई जाए, श्रमिक संगठन को मान्यता एवं कार्यालय प्रदान किया जाए, संगठन बनाने पर किसी भी श्रमिक को बदलने की कार्रवाई से प्रताड़ित नहीं किया जाए, वर्तमान में जो श्रमिक काम कर रहे हैं जिनका गेट पास बंद कर दिया है उन्हें तत्काल रूप से पुनः काम पर लिया जाए। यदि अम्बुजा सीमेंट प्रबन्धन श्रमिकों को बहाल नहीं करती है और जायज मांगों को नहीं मानती है तो लोकातांत्रिक तरीके से अपनी बात रखते हुए बड़ा आंदोलन भी करेंगे।

# राजस्थान सरकार भ्रष्टाचार में देश में एक नंबर पर : किनसरिया



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** परबतसर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक मानसिंह किनसरिया के नेतृत्व में जन आक्रोश यात्रा का शुभारंभ ग्राम बड़ा गांव से कर नारायणपुरा, बुद्धदेव पूरा, हरियाजून, मंडावरा, पलाड़ा, टोरडा, रूपपुरा एवं जसराना में निकाली गई। यहां पर विभिन्न सभाओं का आयोजन किया गया, साथ ही ग्रामीणों द्वारा जन आक्रोश यात्रा का स्वागत भी किया गया।

इस दौरान ग्राम पलाड़ा में आयोजित जनसभा में पूर्व विधायक मानसिंह किनसरिया ने कहा कि राज्य की गहलोत सरकार भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हुई है तथा राज्य में महिलाओं के अपराध बढ़ रहे हैं व महिलाओं के साथ बलात्कार के केस रोजाना बढ़ रहे हैं तथा आए दिन सरेआम अपराधी अपराध कर रहे हैं। राज्य की कांग्रेस सरकार की कानून व्यवस्था चौपट होने से आम जनता में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि किसानों की कर्ज माफी की बात कह कर किसानों के साथ छलावा किया है। बेरोजगार युवाओं को रोजगार के नाम पर धोखा दिया है। परबतसर में भी भ्रष्टाचार चरम पर है। अतः आने वाले विधानसभा चुनाव में इस निकम्मी नकारा कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने तथा भारतीय जनता पार्टी की बहुमत की सरकार बनाकर राज्य में खुशहाली लानी है। भाजपा नेता विजय सिंह पलाड़ा ने कहा कि कांग्रेस ने राजस्थान में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया, इसलिए सभी इस कुशासन को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें।

# जनाक्रोश यात्रा ने खारिया में लिया भव्य रूप

## यात्रा पर पुष्पवर्षा के लिए उमड़े ग्रामीण

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** प्रदेश में कांग्रेस सरकार के कुशासन, भ्रष्टाचार व जंगलराज के खिलाफ भाजपा की ओर से जन आक्रोश यात्रा गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यक्रर्ताओं की मौजूदगी में निकाली जा रही है। नावां विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित जन-आक्रोश यात्रा ग्राम पंचायत शिव से शुरू होकर देर शाम को खारिया ग्राम पंचायत में पहुंची। इस दौरान ग्राम पंचायत खारिया में विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा से यात्रा का स्वागत किया गया। पंचायत मुख्यालय पर जनसभा का आयोजन हुवा। घाटवा की जन सभा मे आगंतुक अतिथियों का स्वागत घाटवा भाजपा इकाई के सात बूथ अध्यक्षों, भाजपा के निर्वाचित बारह वार्ड पंचों, ग्राम सेवा सहकारी समिति के निर्वाचित सदस्यों एवं शक्तिकेन्द्र प्रभारी ने किया। भाजपा कार्यालय के सामने आयोजित जन सभा में पूर्व विधायक हरिशचन्द्र कुमावत सहित भाजपा के प्रवक्तों ने जनसभाओं



को संबोधित करते हुए बताया कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार ने जनता को किसान कर्जा माफी झूठे वादों में लाकर सता हासिल करने व वादों के खिलाफ के चलते जन- जन में आक्रोश की भावना भर हुई हैं जो कि आगामी चुनावों में जनता कांग्रेस सरकार को सत्ता से उखाड़ देगी। वहीं राजस्थान में आएं दिन निर्दोषों की हत्या होना साफ तौर पर नजर आता है कि गहलोत की सरकार पीछले चार वर्षों में केवल मुख्यमंत्री की कुर्सी का खेल खेला हैं। देवीलाल दादरवाल खारिया ने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के लिए निकल पड़े हैं लेकिन उससे पहले आवश्यकता है टूटी हुई कांग्रेस को जोड़े।

**ये रहे उपस्थित :** साथ ही मनीष व्यास, कैलाश मेघवाल पूर्व प्रधान, यात्रा प्रभारी कौशल शर्मा, पूर्व विधायक, पूर्व विधायक विजय सिंह चौधरी, राजाराम प्रजापति, चुन्नीलाल माली, राजेश गुर्जर, प्रमोद आर्य विधानसभा संयोजक ने संबोधित किया। जन सभा का संचालन भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य रमेश पारीक एडवोकेट ने किया। प्रमोद आर्य यात्रा संयोजक, डॉ रजनी गावड़िया, डॉ. बी.एल. गावड़िया, पूसाराम कुमावत पंचायत समिति सदस्य, रामलाल पिपलोदा, मोहनलाल राजोरिया, मुरारी पारीक, अमरसिंह प्रेमपुरा, गंगाराम कुमावत, सुरेंद्र सिंह, रघुनाथराम पिपलोदा, खेताराम सिसोदिया, सुदामा शर्मा, बनवारी रायल, सुरेश, भगवान कादिया, भाजपा चितावा मंडल अध्यक्ष, मोहनलाल कुमावत उप प्रधान, नारायण कुमावत भाजपा चितावा मंडल महामंत्री एवं क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**लॉयन्स क्लब कुचामनसिटी का वार्षिक समारोह 'नवरंग-2022' सम्पन्न**

# सेवा और संस्कार लॉयन्स क्लब का मुख्य ध्येय

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** लॉयन्स क्लब कुचामनसिटी वार्षिक समारोह 'नवरंग-2022' शनिवार की रात शहर के सरला बिरला कल्याण मण्डपम् में पदाधिकारियों का परिचय एवं भामाशाह सम्मान समारोह के रूप में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में लॉयन्स क्लब प्रान्त 3233-ई-2 के प्रान्तपाल लॉयन दिलीप तोषनीवाल मुख्य अतिथि थे जबकि अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष मुकेश डालुका ने की। कार्यक्रम में उपप्रान्तपाल द्वितीय लॉयन श्यामसुन्दर मंत्री मुख्य वक्ता, पूर्व प्रान्तपाल जेठमल गहलोत एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष श्यामसुन्दर सैनी विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर लॉयन्स क्लब कुचामनसिटी के सचिव मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल, लॉयन चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा एवं सचिव अशोक काला मंचासीन थे। समारोह का शुभारम्भ लॉयनवाद के जनक मेल्विन जोन्स के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया। तत्पश्चात डॉ. प्रगति मदान ने ध्वज वंदना एवं हेमराज पारीक ने राष्ट्रगान से किया। अध्यक्ष



लॉयन मुकेश डालुका ने स्वागत उद्बोधन में सभी अतिथियों का कार्यक्रम में स्वागत किया। साथ ही क्लब के स्थाई प्रोजैक्ट्स पुराने बस स्टैंड पर वाटर कूलर युक्त प्याऊ का संचालन, नये बस स्टैंड पर केटर कूलर युक्त प्याऊ का संचालन, हर माह के तीसरे रविवार को आयोजित हृदय रोग जाँच शिविर का सौजन्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही क्लब अध्यक्ष ने लायन श्याम सुंदर मंत्री के उपप्रांतपाल द्वितीय के चुने जाने में लायंस क्लब कुचामन की पूरी टीम के सहयोग और महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। उपप्रान्तपाल द्वितीय लॉयन श्यामसुन्दर मंत्री ने नर सेवा को नारायण सेवा बताते हुए उपस्थित जन समूह से सेवा एवं संस्कार के प्रकल्प एकसाथ चलाने की सीख दी। मंत्री ने लॉयन्स इण्टरनेशनल एवं प्रान्त द्वारा चलाए जा रहे प्रकल्पों की भी विस्तृत जानकारी दी, साथ ही क्लब पदाधिकारियों का परिचय कराते हुए उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया। पूर्व प्रान्तपाल जेठमल गहलोत ने लॉयन्स क्लब कुचामनसिटी शाखा द्वारा कराए जा रहे सेवा कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए क्लब की सेवा एवं टीम भावना को सराहनीय बताया। क्लब सचिव मनोज अग्रवाल ने वर्षभर का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि क्लब द्वारा फोटो खिंचवाने के लिए नहीं वरन् पीड़ित लोगों की सेवा के लिए प्रकल्प चलाए जा रहे है। क्षेत्रीय अध्यक्ष श्यामसुन्दर सैनी ने कहा कि राष्ट हमारे लिए सर्वप्रथम है और सेवा हमारा उद्देश्य। हमें दोनों कार्य अनवरत करने होंगे। सम्मान-समारोह में क्लब के सहयोगी भामाशाहों का सम्मान किया गया।

**इन्हें विशिष्ट सम्मान से नवाजा :** इस अवसर पर शान्तिदेवी कन्हैयालाल चेरिटेबल ट्रस्ट सूरत के जुगलकिशोर किनोई, लॉयन पवन साम्भरवाला, लॉयन दलपतसिंह रुणिजा, लॉयन श्यामसुन्दर अशोक कुमार मंत्री, लॉयन मनोज काबरा, लॉयन बाबुलाल मांधनिया, लॉयन आर.पी. मालपानी, लॉयन विकास राजोरिया, लॉयन नरेश जैन, लॉयन रोहित अग्रवाल, लॉयन महेश रामचन्दरका, लॉयन राजकुमार माथुर, लॉयन संजीवसिंह रुणिजा, लॉयन अमित सोनी, कमल खोखरिया, नन्दकिशोर मनोजकुमार अग्रवाल, संजय मोर, दामोदर झंवर को वर्षपर्यन्त हुए सेवा कार्यों में आर्थिक सहयोग के लिए विशिष्ट सम्मान किया गया। इस अवसर पर लॉयन्स क्लब के केबिनेट मेंबर्स एवं लॉयन सदस्यों को पेन व डिस्ट्रिक्ट पिन भेंट किया गया। वहीं लॉयन एन.डी. काबरा एवं लॉयन गोपाल बंसल को लॉयन इंटरनेशनल सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर स्काई वर्ड रिसोर्ट से राजेंद्र, लायन संजय राँवका, नवदीप खोकरिया, मनीष बंसल, राजेश शेखराजका, नंद किशोर अग्रवाल, श्याम सुंदर खोखरिया, कमल मंत्री, अशोक मंत्री, रंगनाथ क़ाबरा, संपत सोमानी, सुधीर कौशिक, नटवर बक्ता, सुभाष मदान, निकित मदान, अंकित डालुका, पूज़ा अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, हेमा गट्टानी, शोभा मंत्री आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com